हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 7 जनवरी 2024
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



## प्रेसवार्ता : गौरव पथ को लेकर कार्यवाहक अध्यक्ष की मीडिया से चर्चा

# नगर की जनता की सहूलियत के हिसाब से बनेगा गौरव पथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर में निर्माण हो रहे गौरव पथ को लेकर जहां लगातार भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण के आरोप निर्माण एजेंसी पर लग रहे हैं तो वही गौरव पथ निर्माण में हो रही लेटलतीफी और गौरव पथ के पूर्व बनाई जा रही नालियों के निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे और उन गड्ढे से निकली मिट्टी के ढेर लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनते जा रहे हैं। ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण के लिए सड़क के किनारे गड्ढे खोदकर उन मिट्टियों को सड़क के किनारे में ही ढेर कर दिया गया है और नाली का निर्माण काफी धीमी गति होने से जहां लोगों को व्यापार प्रभावित हो रहा है तो वही मिट्टी नहीं उठाने से मिट्टी धूल उड़कर लोगों को बीमार कर रही है। वहीं गौरव पथ निर्माण में भी घटिया मटेरियल इस्तेमाल करने का भी आरोप कार्य एजेंसी पर लग रहा है, जिसको लेकर पूर्व में स्थानीय



विधायक ने भी गौरव पथ का निरीक्षण किया था और नाराजगी जताते हुए जांच करवाकर कार्रवाई करने की बात कही थी।

इसे लेकर सरायपाली नगर पालिका के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल ने प्रेसवार्ता कर कहा है कि पूर्व कार्यकाल में गौरव पथ के लिए इस्टीमेट स्वीकृत कराकर राशि लाई गई थी, लेकिन वर्तमान में उनके द्वारा जब इस्टीमेट को देखा गया तो कहीं भी पानी निकासी के लिए ठोस उपाय नहीं किया गया है और उक्त इस्टीमेट में कुछ खामियां हैं, जिनको ठीक करने के लिए अधिकारियों से चर्चा की गई है। मंत्री से भी इस संबंध में चर्चा हुई है।

उन्होंने यह कहा कि गौरव पथ नगर की सुंदरता के लिए बनाया जाएगा। लेकिन, साथ ही इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि नगरवासियों को किसी प्रकार की तकलीफ ना हो और व्यापार भी प्रभावित न हो। उन्होंने गौरव पथ के बीच में डिवाइडर की ऊंचाई जो पूर्व में 4 फीट रखी गई थी, उसे 1 फीट करने का प्रस्ताव भेजे जाने की बात कही। उन्होंने अभी कहा कि जहां भी निर्माण कार्य में घटिया मटेरियल और भ्रष्टाचार की शिकायत आएगी, उसकी जांच कराई जाएगी। कहीं भी निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार या घटिया मटेरियल का उपयोग नहीं करने दिया जाएगा। आने वाले दिनों में सभी वर्ग से सलाह लेकर आम जनता की सहूलियत के हिसाब से गौरव पथ बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी समाज के लिए सामाजिक भवन की स्वीकृति पूर्व कार्यकाल में दे दी गई, लेकिन विधिवत जमीन का आवंटन नहीं हुआ और नहीं सामाजिक भवन के लिए पूर्ण रूप से राशि का आवंटन आया है इसलिए पहले सभी समाज के सामुदायिक भवन के लिए भूमि चिन्हित कर आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और उन भवनों के लिए पूर्ण रूप से राशि प्राप्त होने के बाद आने वाले समय में स्वीकृत सभी समाज के भवन का भी निर्माण किया जाएगा।

### मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग पर प्रशिक्षण

**महासमुंद।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में इलेक्शन सीजर्स मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग किए जाने के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग के संचालक पंकज तथा संतोष पथारिया द्वारा प्रशिक्षण देते हुए बताया गया कि एफएसटी तथा एसएसटी टीम द्वारा ईएसएमएस एप में पकड़े गए नगद राशि, शराब, ड्रग्स तथा अन्य उपहार सामग्रियां की प्रविष्टि की जाएगी। जिसे संबंधित जिले के नोडल अधिकारी द्वारा सीज करने की कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित एजेंसी को भी इसकी सूचना दी जाएगी। इस एप में प्रविष्ट किए गए सामग्रियों और राशि की मात्रा में परीक्षण पश्चात कमी की जा सकती है, परंतु, वृद्धि नहीं की जा सकती। प्रशिक्षण में बताया गया कि इस एप के माध्यम से प्रतिबंधित वस्तुओं को सीज करने की प्रक्रिया आसान हो गई है। जिले की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक, जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरी गोस्वामी, संजय मांझी, आरके बारले, सहायक जिला आबकारी अधिकारी निधीश कोष्टी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उड़ान दृष्टिबाधित विद्यालय में विश्व ब्रेल लिपि दिवस मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

जन विश्वास सेवा समिति द्वारा संचालित भंवरपुर रोड स्थित उड़ान श्रवण दृष्टिबाधित आवासीय विद्यालय में विश्व ब्रेल लिपि दिवस मनाया गया।

समिति के अध्यक्ष व स्कूल की संचालिका उमा साहू ने बताया कि फ्रांस में जन्मे लुई ब्रेल ने ब्रेललिपि का अविष्कार किया। ताकि, दृष्टिहीन बच्चों को शिक्षा से वंचित न होना पड़े और वे ब्रेल लिपि के माध्यम से अक्षरों को स्पर्श कर पढ़ाई कर सकें। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों के पालकों द्वारा संचालिका साहू का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रूबी सिंह ठाकुर, गुड्डू जायसवाल, सुरेश साहू, विवेक दास एवं कर्मचारियों अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विधायक चतुरी नंद, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शोभना कोष्टा, एडिशनल एसपी आकाश राव गिरेपुंजे, थाना प्रभारी बसना आशीष वासनिक, थाना प्रभारी सरायपाली शिवानंद तिवारी, सिंघोड़ा थाना प्रभारी अमित शुक्ला, जनपद अध्यक्ष बसना रुक्मणी पटेल, सुभाष पटेल, भरत मिश्रा, सुरेश भोई, विवेक रंजन शर्मा, सुरेश साहू, भूतपूर्व सैनिक धर्मेंद्र चौधरी, महंती व योग शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### स्नातक पाठ्यक्रम, 28 फरवरी तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**महासमुंद।** पं सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के अध्ययन केंद्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में शैक्षणिक सत्र जनवरी से दिसंबर 2024 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश की प्रारंभ तिथि 1 जनवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 तक है। इस अवधि में स्नातक पाठ्यक्रम में बीएससी (गणित), बीकाम, बीबीए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रय में एमए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एमकाम एमएससी (गणित), एमएससी (कंप्यूटर साइंस) एवं पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पीजीडिप्लोमा इन लेबर ला एंड लेबर वेलफेयर, पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा में डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा इन योग साइंस, रामचरितमानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स में सर्टिफिकेटर इन गुड्स एंड सर्विस टैक्स तथा बीलिब एंड आईएससी, बीएड (प्रवेश पूर्व परीक्षा द्वारा चयन) पाठ्यक्रम की विभिन्न कक्षाओं में ऑनलाइन प्रवेश लिया जा सकता है। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय के वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते है। प्रवेश संबंधित जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में अध्ययन केंद्र महाविद्यालय के वाणिज्य भवन (मिनी स्टेडियम) महासमुंद में संपर्क किया जा सकता है।

### सांकरा में मानस सम्मेलन 4 मार्च से

**नगरी।** ग्राम सांकरा में छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय नौ दिवसीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन 4 मार्च से 12 मार्च तक किया गया है। इच्छुक मानस मंडली 15 फरवरी तक अपना पंजीयन करा सकती है। आयोजन को सफल बनाने में सुरेश साहू अध्यक्ष, तीरथ साहू कोषाध्यक्ष, नागेन्द्र बोरझा सचिव, गिरवर भंडारी उपाध्यक्ष, राजू पटेल मीडिया प्रभारी समेत अन्य जुटे हुए हैं।

### बैठक आज

**नगरी।** अगामी लोस चुनाव में कार्यकर्याओं में जोश भरने, केन्द्र सरकार की गारंटी योजना के चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा और अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तथा आगामी कार्ययोजना के सम्बन्ध में सिहावा विस की बैठक श्री कर्णेश्वर धाम देउरपारा में रविवार 7 जनवरी को 1 बजे से आयोजित है।

## निधन

### भजनसाय यादव

**सरायपाली।** ग्राम पंचायत केजुआं



निवासी भजनसाय यादव (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार केजुआं के मुक्तिधाम में किया गया। वे केजुआं, हर्राटार, मुड़पहार यादव समाज के संरक्षक एवं फुलझर राज यादव समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष थे। वे सजनसाय यादव के बड़े भाई, बिजलीबाई यादव, गौरी बाई यादव, मीना बाई यादव के पिता और मुकेश यादव, हेमसागर यादव, रेशम यादव के बड़े पिता थे। अंतिम संस्कार में फुलझर राज यादव समाज सरायपाली बसना क्षेत्र अध्यक्ष मनोरथ लाल यादव, नरेंद्र कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा छग, राजेंद्र कुमार यादव, राजू जिला महामंत्री कांग्रेस पिछड़ा वर्ग, संजय यादव, रामरथ यादव, राजू प्रभा मांझी सरपंच, अंतराम यादव, रायसिंह नायक, अलेखराम नायक, धनंजय नायक, रामकुमार नायक, आनंद नायक, विराट नायक, नीलो साहू, कुलदीप नायक, पदमन यादव व आसपास से परिजन, सामाजिक बन्धुओं एवं ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

## विधायक ने समाज के उत्थान के लिए हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन



**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से कमार समाज के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर विधायक निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए उनका सम्मान किया। वहीं विधायक यादव ने चुनाव में सहयोग के लिए कमार समाज के लोगों का आभार जताते हुए समाज के उत्थान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। शनिवार को कमार समाज के जिलाध्यक्ष मोतीराम कमार सहित पदाधिकारी रतिराम कमार, संतराम, अवधराम कमार, घांसीराम कमार, आशाराम खड़िया सहित अन्य पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल ने विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने खल्लारी विधानसभा से लगातार दूसरी बार विधायक निर्वाचित होने पर यादव को बधाई देते हुए अभिनंदन किया। जिस पर विधायक यादव ने समाज के लोगों का आभार जताते हुए समाज के विकास और उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया।

# रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में यूथ फेस्ट व विंटर कार्निवल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के परिसर में 3 व 4 जनवरी 2024 को यूथ फेस्टिवल व वार्षिक विंटर कार्निवल का आयोजन किया गया। 3 जनवरी को हुए यूथ फेस्टिवल में हाउस वाइज प्रस्तुति रखी गई थी। जिसमें कक्षा एक से पांचवी व छठवीं से बारहवी तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों से जुड़ी नृत्य प्रस्तुति दी। जिसमें सोलो, ग्रुप डांस व मोरल वैल्यूज़ से संबंधित ड्रामा व इंग्लिश सांग सिंगिंग की भी प्रस्तुति थी। 4 जनवरी को विंटर कार्निवल का आयोजन हुआ। जिसमें विंटर थीम के आधार पर विद्यालय की सजावट की गई। कार्निवाल का शहर के विद्यार्थियों व अभिभावकों ने जमकर लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम में हर आयु वर्ग के बच्चों ने खूबसूरत नृत्य प्रस्तुति दी, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्निवल एक बड़ी सफलता थी। जिसमें शहर के अधिक से अधिक लोग शामिल हुए। चार हाउस हरक्यूलस, पर्सियस, ओराईन व जोडियेक के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन व गेम स्टाल्स लगाए गए थे। कार्निवल में आर्ट गैलेरी, एड्यूटेन, सोशल साइंस, साइंस, रोबोटिक्स व केमिस्ट्री से संबंधित एक्सहिबिशन व पपेट शो भी था। कार्निवल में रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के छात्रों द्वारा फिल्म निर्माण में रचनात्मकता सीखने का जश्न मनाने के लिए बड़े धूमधाम से द्वितीय आरडब्ल्यूएस सिने अवाड्र्स का आयोजन भी किया गया।



इस फिल्म का लेखन व निर्देशन नन्हें बच्चों द्वारा किया गया और चार फिल्में प्रदर्शित की गईं। सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार टर्न 180 डिग्री को दिया गया है। साथ ही सर्वश्रेष्ठ अभिनेता दुष्यंत पटेल, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री हर्षिता कूजुर, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन पर्सियस हाउस व व्यूअर्स चॉइस अवार्ड में हरक्यूल्स हाउस को पुरस्कार दिया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके कार्य के लिए प्रेरित किया।

बच्चों के वार्षिक गतिविधियों को देखते हुए उन्हें शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियों के लिए भी पुरस्कार दिए गए। जिसमें नर्सरी से चार्विक लुनिया, एलकेजी से लियांश चंद्राकर, यूकेजी से मोहम्मद अमान रज़ा, कक्षा 1 से नव्या कोचर, कक्षा 2 से शौर्य वॉसनिक, कक्षा 3 से हरवीर सिंह गांधी, कक्षा 4 से अभव्य चंद्राकर, कक्षा 5 से समायरा दास, कक्षा 6 से रुद्र अभिषेक प्रधान, कक्षा 7 से अविरल चंद्राकर, कक्षा 8 से ऋषिका चांडक, कक्षा 9 से सिद्धि गुप्ता, कक्षा 10वीं से आर्या अग्रवाल, कक्षा 11वीं कॉमर्स से भूमिका सेवानी, कक्षा 11वीं साइंस से चंद्रशेखर रामटेके, कक्षा 12वीं साइंस से कुणाल अग्रवाल (जेईई क्वालीफाइड), कक्षा 12वीं कॉमर्स से सृजन चंद्राकर इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी कक्षा में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। नेशनल लेवल हैंडबाल में चयनित विद्यार्थी सौम्य साहू, अनुराग बेनर्जी, श्रेयांश चंद्राकर, ईशांत चंद्राकर, अयान ख़ान इन्हें भी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ओपन स्टेट लेवल स्केटिंग चैंपियनशिप में भास्कर सिन्हा ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया था। जिसके लिए उन्हें स्कूल द्वारा पुरस्कार दिया गया।

वार्षिक रूप से चार हाउस द्वारा किए गए मेहनत के लिए भी चारों हाउस को विभिन्न पुरस्कार दिए गए। जिसमें से हरक्यूल्स हाउस विजेता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर प्रभात मलिक, एम पॉवर हेड गोविंद मुदलियार, जानवी मुदलियार व वाल्मिकी तिवारी, किशोर भंडारी उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत स्कूल की प्राचार्या पूजा शर्मा व उप-प्राचार्या डॉ महुआ सिंह ने पुष्प गुच्छ से किया। स्कूल के समस्त स्टाफ़ ने इस कार्निवल में प्रमुख भूमिका अदा की। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्निवल का समापन हुआ। महासमुंद शहर में ऐसा कार्निवल पहली बार हुआ। जिसमें हुए अधिक रोमांचक गतिविधियों द्वारा बच्चों को आनंदमय वातावरण में अभिभावकों के साथ समय बिताने का अवसर मिला।

# बरोंडाजार में बीपीएल-02 क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन, 52 टीमों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बरोंडाबाजार में बीपीएल-02 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सचिन गायकवाड़ द्वारा भारत माता की छायाप्रति में अगरबत्ती, गुलाल चंदन व नारियल फोड़कर किया गया। प्रतियोगिता में 52 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें फाइनल मैच बरोंडा ब्लास्टर चैंपियंस वर्सेस फिनिशर इलेवन महासमुंद के बीच खेला गया। जिसमें बरोंडा ब्लास्टर चैंपियंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। फिनिशर इलेवन महासमुंद से निर्धारित 10 ओवरों में चेतन यादव



के शतक की बदौलत 165 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में बरोंडा ब्लास्टर के बल्लेबाजों ने कहर बरपाते हुए निर्धारित लक्ष्य का पीछा महज 8 ओवरों में कर लिया लिया। जिसमें शुभम साहू के 84 रन (27) ,मनीष बघेल के 63 रन (25) के दोनों ही बल्लेबाजों के विस्फोटक अर्धशतकों से पहाड़ जैसे लक्ष्य को बौना साबित कर दिया।

स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 15555 व ट्रॉफी सचिन गायकवाड़ (जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति महासमुंद कांग्रेस), द्वितीय 8888 व ट्रॉफी ग्राम पंचायत बरोंडा बाजार, तृतीय 4444 व ट्रॉफी आयोजक समिति बरोंडा बाजार, चतुर्थ पुरस्कार 2222 रुपए व ट्रॉफी जोगी राम साहू द्वारा प्रदाय किया गया। मैन ऑफ द मैच 251 रुपए व ट्रॉफी, मैन ऑफ द सीरीज 501 रुपए वा ट्रॉफी प्रदाय किया गया।

फाइनल में मैन आफ द मैच शुभम साहू बरोंडाबाजार, मैन ऑफ द सीरीज संजय (फिनिशर इलेवन महासमुंद), बेस्ट फील्डर अनिल बघेल (जूनियर स्टार बरोंडा बाजार), बेस्ट कीपर प्रदीप यादव (फिनिशर इलेवन महासमुंद), बेस्ट बेट्समैन मनीष बघेल (बरोंडा ब्लास्टर चैंपियंस) एवं बेस्ट बॉलर सालिक धीवर (फिनिशर इलेवन महासमुंद) को प्रदान रहे।

## मंत्री का स्वागत




**महासमुंद।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रथम बागबाहरा आगमन पर भाजपा नेत्री अलका चंद्राकर के नेतृत्व में फलों से तौलकर स्वागत किया गया।

**कार्यालय कलेक्टर (विवाह शाखा)**
**गरियाबंद (छत्तीसगढ़)**

**सार्वजनिक सूचना**

**(नियम 16 देखिये)**

**क्रमांक/ क्र. 06/ विवाह अधि./2024**
**गरियाबंद, दिनांक 01/01/2024**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पालेश्वर पिता श्री चरण सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम देवरी पोस्ट सिवनी तहसील छुरा जिला गरियाबंद (पति) एवं आवेदिका श्रीमती डालेश्वरी पिता श्री दिनेन्द्र सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम सोहागपुर थाना पिथौरा जिला महासमुंद (पत्नि) ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-15 के अधीन अपने विवाह के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त विवाह के रजिस्ट्रीकरण में आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 02/02/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01/01/2024 को इस कार्यालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

**विवाह अधिकारी, जिला गरियाबंद (छ. ग.)**

# वृंदावन विद्यालय में त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई, छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा रिबन काट कर व पित्तुल गेंद खेल कर प्रतियोगिता प्रारंभ करने के लिए हरी झंडी दिखाया गया।

वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास के साथ उनका आत्मबल व धैर्यता के गुण को बढ़ाना था। तत्पश्चात रेड, ब्लू, ग्रीन, व यलो हाऊस के मध्य व कक्षा के अनुसार नर्सरी से कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों ने विविध प्रतियोगिता कबड्ड़ी, क्रिकेट, कुर्सी दौड, सुई धागा दौड, चम्मच बांटी दौड, गुब्बारा दौड़, रस्सीकशी, रस्सी कूद, खो-खो, इत्यादि खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीत हासिल किया। समापन समारोह में कक्षा चौथी, पांचवी व छठवी के विद्यार्थियों सत्विका वर्मा, कुमुद पटेल, तनमित खन्ना, आनंदी कश्यप, द्रोणिका वर्मा, धनलक्ष्मी साहू, अनुश्री अग्रवाल, आयुषी मलेवर द्वारा विविध वार्षिक उत्साहवर्धक नृत्य प्रस्तुत किया गया। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन द्वारा प्रसिद्ध रचनाकार हरिवंश राय बच्चन द्वारा रचित कविता लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, के माध्यम से बच्चों को प्रेरित कर जीवन में ईमानदार रहने के लिए व कोशिश करने के लिए प्रेरित किया। संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा बच्चों को क्रीड़ा में हार से न घबराने व पुनः प्रयत्न कर जीत हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उपपाचार्या इंदु मिश्रा द्वारा सिक्के के दो पहलू की तरह जीवन के दो पहलू हार व जीत पर बच्चों को विविध ज्ञान प्रदान किया गया। वरिष्ठ शिक्षिका विजय लक्ष्मी राव व आशा ज्योति डोरा द्वारा बच्चों को खेल के लाभ से अवगत कराया गया। शिक्षिका रेखा साहू, जागृति साहू, संध्या सोना द्वारा वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता के सफल प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन काजल ठाकुर व भूमिका वर्मा एवं आभार प्रदर्शन इंदु मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम में आश ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, विजय लक्ष्मी राव, अमृता चंद्राकर, रेखा साहू, काजल ठाकुर, जागृति साहू, संध्या सोना, दमिनी वैष्णव, सुषमा साहू, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौर, एम रजनी, ललिता सिंग राजपूत, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनि साहू, अंशु यादव, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, जाबिर खान, लक्ष्मी नारायण साहू एवं भृत्यागण उत्तरा साहू, रूखमणी नंदे, राजकुमारी साहू, मनीषा मानिकपुरी, राकेश्वरी जगत, देवकी वैष्णव एवं शकुंतला का योगदान रहा।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 7 जनवरी 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 उड़ान दृष्टिबाधित विद्यालय में विश्व ...



14 खेल और खिलाड़ी का गहरा नात. ..




**खबर संक्षेप**

### शराब बेच रहे व्यक्ति पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले एक व्यक्ति पर कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि देवचरण निषाद पिता सुधुराम (40 साल) ग्राम नयापारा कला को गांव के पास अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते मिला, जिसके पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### दो लोगों से 6 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को पकड़ा। जानकारी के मुताबिक सुरेश विश्वकर्मा पिता नकुल विश्वकर्मा (32 साल) बलौदा को 3 लीटर महुआ शराब के साथ घर बाड़ी से गिरफ्तार किया गया। वहीं, दूसरे आरोपी शिव कुमार जोहले पिता मनमोहन (30 साल) पलसापाली को ग्राम कोटद्वारा एवं गेर्रा के बीच से 3 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपियों पर 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान अवैध रूप से शराब बेच रहे युवक पर कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि संजय साहू पिता गनपति साहू (38 साल) वार्ड 2 बसना को घर के सामने अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते पाया गया, जिसके पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### शराब पिलाने की सुविधा, कार्रवाई

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान छबिलाल कठोलिया पिता देवकुमार (23 साल) ग्राम कोमा नाला के पास कन्हारपुरी से अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा देते गिरफ्तार किया। आरोपी पर 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जिले में दो जगह से दो बाइक की चोरी

**महासमुंद।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग जगहों से दो बाइक की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीयूष कुमार जैन पिता स्व. कस्तूरचंद जैन (51 साल) की बाइक क्र सीजी 06 जीएन 6978 कीमत 45000 रु को नेहरू चौक महासमुंद से बीती रात को अज्ञात ने चोरी कर ली। वहीं, दूसरे मामले में डुलेश्वर दीवान पिता मन्नु लाल दीवान 39 साल ग्राम गबौद की बाइक सीजी 06 जीवी 0406 कीमत 39000 रुपए को सिध्द बाबा मंदिर के नीचे ग्राम कोसरंगी से किसी अज्ञात ने चोरी कर ली है। अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

## धान खरीदी : टोकन कटने के बाद भी अपनी बारी में इंतजार किसान

# तारीख नहीं बढ़ाई गई तो धान बेचने से वंचित हो जाएंगे हजारों किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



सरकारी दर पर धान खरीदने के लिए 15 दिन शेष हैं और जिले के 29 फीसदी किसानों से एक बार भी धान खरीदा नहीं जा सका है। जबकि, जिन 71 फीसदी किसानों से धान खरीदा गया है, उनमें से भी हजारों किसान सिर्फ एक बार धान बेच पाएं हैं। यदि धान खरीदी के निर्धारित तिथि तक लक्ष्य पूरा करना है, तो रोजाना की खरीदी लिमिट साढ़े तीन लाख क्विंटल करना पड़ेगा, जो संभव नहीं लग रहा। ऐसे में खरीदी लक्ष्य की पूर्ति करने के लिए तारीख बढ़ाना ही पड़ेगा। अन्यथा हजारों किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे।

जिले में धान खरीदी में तेजी लाने के लिए समितियों में खरीदी लिमिट समय-समय पर बढ़ाया जा रहा है। ताकि, समय पर धान की खरीदी पूरी हो सके। इसके बावजूद अब तक एक लाख 14 हजार किसानों से 65 लाख क्विंटल धान खरीदा जा सका है और 45 हजार किसान एक बार भी धान बेच नहीं पाएं हैं। समितियों से किसानों को टोकन जारी किया जा रहा है। लेकिन, टोकन कटने के बाद किसानों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। खरीदी केंद्रों धान की आवक अधिक होने से रखने तक की जगह नहीं बच रहीं। वहीं, खरीदी के लिए दूसरे सप्ताह के लिए अभी से टोकन कटा लिया गया है, जिससे खरीदी केंद्रों में धान बेचने की होड़ मची हुई है।

### निर्देश प्राप्त नहीं

जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी जीएन साहू ने बताया कि फिलहाल जिले के खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट तक खरीदी की जा रही है। हमारी कोशिश है कि निर्धारित तिथि 31 जनवरी तक सभी पंजीकृत किसानों से धान खरीदी पूरा किया जाए। धान खरीदी की तिथि बढ़ाने के संबंध में किसी प्रकार का निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

### 118 लाख क्विंटल खरीदी का लक्ष्य

जबकि, जिले में पंजीकृत किसान एक लाख 59 हजार किसान हैं, जिनके दो लाख 29 हजार हेक्टेयर रकबा से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से करीब 118 लाख क्विंटल धान खरीदा जाना है। अब तक खरीदी के आकड़ों को देखे तक आने वाले 15 कार्य दिवस में अभी भी 55 लाख क्विंटल धान खरीदा जाना है। जबकि, जिले के 182 केंद्रों में रोजाना खरीदी की लिमिट सवा दो लाख क्विंटल तक पहुंच रहा।

### जनवरी में खरीदना होगा 65 लाख क्विंटल

इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एक नवंबर से शुरू हुई। लेकिन, अधिकांश किसानों की फसल तैयार नहीं होने के कारण खरीदी केंद्रों में धान की आवक कमजोर रहीं। इस माह 43 हजार किसानों से सिर्फ 20 लाख क्विंटल की खरीदी हो पाई। दिसंबर माह में कुछ तेजी आई और करीब 33 लाख क्विंटल की खरीदी हो पाई। इस तरह लक्ष्य पूरा करने के लिए जनवरी माह में करीब 65 लाख क्विंटल धान खरीदना पड़ेगा।

# फ्रॉड का शिकार हुए व्यक्ति को पुलिस ने 50 हजार वापस कराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हुए व्यक्ति को पुलिस द्वारा रकम वापस किया गया। प्रार्थी अशोक कुमार चंद्राकर निवासी वार्ड नं 17 कुर्मीपारा महासमुन्द द्वारा कोतवाली में उसके साथ ऑनलाइन फ्रॉड होने की शिकयत दर्ज कराई गई थी।

पुलिस अधीक्षक महासमुंद धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर सभी समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों को ऑनलाइन सायबर फ्राड में रोकथाम लगाने हेतु स्कूल, कॉलेजों में आम जन में लोगों में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। साथ ही थाना में दर्ज सायबर फ्राड के शिकायतों पर कार्रवाई के लिए निर्देश प्राप्त हुआ है। शिकायतकर्ता अशोक कुमार चंद्राकर ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी के मोबाइल नंबर में कॉल कर आवाज बदल कर अपने आप को दोस्त बताकर पैसों की आवश्यकता बता कर अपने खाते में प्रार्थी से 50,000 रुपए जमा करा लिया। प्रार्थी द्वारा अपने साथ ऑनलाइन फ्राड होने की जानकारी देने पर थाना सिटी कोतवाली महासमुंद में सायबर पोर्टल के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रार्थी के बताई गई जानकारी यूपीआई के माध्यम से पेमेंट किया गया था, जिस पर सायबर पोर्टल के माध्यम से एक्सिस बैंक ताज लिंक रोड ब्रांच आगरा उत्तर प्रदेश के खाता धारक के खाते में पैसा होल्ड किया गया। प्रकरण में कार्रवाई करते हुए स्थानीय बैंक के सहयोग एवं न्यायालय के माध्यम से प्रार्थी से की गई फ्राड की राशि 50000/- रुपये फिर से प्रार्थी के बैंक खाते में वापस कराया गया है।



इस कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में अति पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु अधिकारी (पु) महासमुंद मंजूलता बाज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रउपुअ मोनिका श्याम, आरक्षक राजेंद्र कुमार पटेल, हेमुराम निषाद, हेमंत पटेल, वेदराम यादव शामिल रहें।

## चोरी की एक्टिवा सहित एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** वनोपज जांच नाका झिलमिला से चोरी किए गए एक्टिवा को पुलिस ने आरोपी सहित बरामद कर लिया है। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरा में दर्ज हो गया था, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची और एक्टिवा बाइका को बरामद किया। जानकारी के मुताबिक प्रार्थी वृंदावन पटेल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि बीते दिनों वनोपज जांच नाका झिलमिला के सामने अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 06 जीएस 1932 को हमेशा की तरह खड़ी कर ड्यूटी में चला गया। वापस आकर देखने पर एक्टिवा वहां से गायब पाया। विवेचना में दौरान थाना प्रभारी शिवानंद तिवारी द्वारा सीसीटीवी कैमरा के आधार पर संदेही महेंद्र गिरी पिता निर्भया गिरी 35 वर्ष बोंदा निवासी से पूछताछ की गई। जिसने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को धारा 379 के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में एएसआई सोनचंद डहरिया, आरक्षक विपिन सिदार, अनंत गेंड्रे , ठाकुरेश्वर भुवार्या और स्टाफ का योगदान रहा।





## पुलिस की पैदल पेट्रोलिंग जारी

**महासमुंद।** पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव व समस्त राजपत्रित अधिकारी अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले स्थान पर यातायात की दृष्टि से बाजारों में पैदल पेट्रोलिंग के लिए निकले। बेहतर यातायात व्यवस्था व शांति व्यवस्था को लेकर पैदल गश्त जारी है।

# राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले से 2 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

23वीं छत्तीसगढ़ सीनियर राज्य स्तरीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला का आयोजन कोरबा जिला बाल बैडमिंटन संघ द्वारा कोरबा में 25 से 27 दिसंबर तक आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य की पुरुष टीम 18 जिला व बालिका वर्ग से 12 जिलों की टीम शामिल रहीं।

प्रतियोगिता के माध्यम से 69वीं सीनियर राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन दल का चयन किया गया, जो गढ़चिरौली महाराष्ट्र में 7 से 10 जनवरी 2024 तक आयोजित होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर महिला व पुरूष टीम शामिल होगी। महासमुंद जिले से पुरूष टीम में मुरली सिंह राजपुरोहित व महिला टीम में लक्ष्मी चंद्राकर का चयन हुआ है। प्रदेश की महिला कोच के लिए हर्षिता साहू का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी दुर्ग स्टेशन से 6 जनवरी को गढ़चिरौली महाराष्ट्र के लिए रवाना होंगे। जिले के दोनों चयनित खिलाड़ियों ने विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात कर रवानगी की जानकारी दी। जिस पर विधायक ने सहयोग कर चयन पर हर्ष जताया। इनके चयन होने पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ सह सचिव अंकित लूनिया, बालाजी एजेंसी तन्मय लूनिया, नरेश चंद्राकर, मोबीन कुरैशी, राकेश थवाईत, तारिणी चंद्राकर, सेवन दास मानिकपुरी, गिरिश साहू, लोकेश साहू, अविनाश कुशवाहा, प्रभात सेठ, भूषण साहू, गजेंद्र यादव व वरिष्ठ पदाधिकारियो व खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।



# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने शनिवार को प्रेसवार्ता लेकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वहीं लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद में कुल मतदाताओं की संख्या 17 लाख 41 हजार 946 है। इसमें महासमुंद जिला के अलावा राजिम, बिंद्रानवागढ़, कुरूद व धमतरी विधानसभा क्षेत्र शामिल है।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 06 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। 06 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 तक दावा एवं आपत्तियों प्राप्त किया जायेगा। 13 एवं 14 जनवरी को सभी मतदान केंद्रों में विशेष कैंप आयोजित किया जायेगा। 08 फरवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में बैठक आयोजित किया गया एवं प्रारंभिक प्रकाशन के बारे में बताया गया। प्रत्येक बीएलए के द्वारा एक दिन में अधिकतम 10 एवं पूरे पुनरीक्षण अवधि में अधिकतम 30 आवेदन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास जमा कर सकते है। वर्तमान में महासमुंद जिले में 4,22, 654 पुरुष मतदाता तथा 4,34,765 महिला मतदाता, 18 अन्य मतदाता है। इस तरह कुल 8,57,437 मतदाता जिले में है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू एवं प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के जिला प्रतिनिधि मौजूद रहें।

■ **महासमुंद लोस में कुल मतदाताओं की संख्या 17 लाख 41 हजार 946**

## छत्तीसगढ़-ओडिशा बार्डर से 820 बोरा धान जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने छत्तीसगढ़ ओडिशा बार्डर से दो ट्रक अवैध धान को पकड़ने में सफलता हासिल की है। कार्रवाई में कुल 820 बोरा धान जब्त किया गया है, जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए सरायपाली थाना सिंघोड़ा के सुपुर्द किया गया। दरअसल, लगातार शिकायतें मिल रही थी कि छग-ओडिशा सीमा पर अंतरराज्यीय जांच नाका लगाए जाने के बावजूद धान तस्कर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तेज रफ्तार से वाहनों को बिना जांच निकल जा रहे हैं, जिस पर स्थानीय प्रशासन की निगरानी टीम ने बीती रात आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ओडिशा की ओर से अवैध रूप से धान भरकर आ रही एक माजदा वाहन से 280 पैकेट धान जब्त किया है। दूसरी ओर ओडिशा की ओर से आ रही एक और ट्रक जिसमें 540 पैकेट धान भरा हुआ था, जिसके ट्रक चालक के पास कोई दस्तावेज नहीं होने पर उक्त धान को भी अवैध पाए जाने पर दोनों गाड़ियों को जब्त कर सिंघोड़ा थाने के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## फीस में बढ़ोत्तरी, मूल्यांकन में गड़बड़ी को लेकर अभाविप ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

सीएसवीटीयू विश्वविद्यालय में परीक्षा शुल्क में बढ़ोत्तरी और मूल्यांकन में हुई गड़बड़ी होने के मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने कुलपति का पुतला दहन किया। बताया जा रहा है कि सीएसवीटीयू में परीक्षा शुल्क जो 800 रुपए थी, उसमें वृद्धि करते हुए परीक्षा शुल्क को 1376 रुपए कर दिया गया है, जो छात्र हित में नहीं है। विश्वविद्यालय में 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी मध्यम वर्गीय परिवार से हैं। ऐसे में परीक्षा फीस में 500 रुपए की बढ़ोतरी किसी प्रकार से न्याय संगत नहीं है। इसके विरोध में अभाविप महासमुंद के कार्यकर्ताओं ने तकनीकी महाविद्यालय में सीएसवीटीयू के कुलपति एमके वर्मा का पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान जिला संयोजक जीतु साहू ने कहा छात्रों को परीक्षा शुल्क भरने में भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा शुल्क भरने के लिए बहुत ही कम समय सीमा निर्धारित की गई है और इसके बाद विलंब फीस के नाम से वसूली अलग से की जाती है। वही होनहार विद्यार्थियों के एक ही विषय में 0 अंक आए है और बाकी सभी विषयों में उन्होंने 90% तक अंक दिया गया है। विवि प्रशासन को शीघ्र इन सभी विषयों में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी मांगों को पूर्ण किया जाना चाहिए एवं परीक्षा शुल्क को कम किया जाए। अन्यथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होगा। पुतला दहन के दौरान मिलेंद्र सेन, ललित साहू योगी चंद्राकर, शुभम डोन्देलकर, भीखम ध्रुव, मेघा दुबे, टोमेश सहित तकनीकी कॉलेज महासमुंद के छात्रों भी मौजूद रहें।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण लेकर घर-घर पहुंची कीर्तन समिति

# ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

हाऊसिंग बोर्ड ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में शनिवार दोपहर जय श्री राम, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम से गूंज उठा जब कीर्तन समिति ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण लेकर घर-घर पहुंची।



कीर्तन समिति के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरण करने और निमंत्रण देने का काम शुरू किया। आम लोगों को आमंत्रित करने के लिए अक्षत के साथ न्योता लेकर उनके घर पहुंच रहे है, सदस्यों में से एक सदस्य ने पूजित अक्षत, दूसरे ने श्री राम मंदिर का चित्र एवं तीसरे सदस्य ने निमंत्रण पत्रक वितरण किया। प्रत्येक सदस्य ने निमंत्रण के विषय में जानकारी दी। कीर्तन के सदस्य जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

अक्षत वितरण में प्रमुख रूप से जैनेंद्र चंद्राकर, धर्मेंद्र डडसेना, अनूप बाजपाई, राजेंद्र साहू, राकेश यादव, गदाधर पांडा, राधेकृष्ण दुबे, कमलेश पटेल ने लोगों को बताया 22 जनवरी की शाम सभी लोगों को कम से कम पांच दीपक घर के मंदिर में जलाना है और अपनी इच्छाअनुसार राम नाम का 108 बार जाप करना है, भगवान श्री राम की आरती सपरिवार करनी है, अंत में प्रसाद वितरण कर दीपोत्सव मनाना है। इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने कीर्तन जत्था का भव्य स्वागत किया।



### प्रभात फेरी के साथ अक्षत और निमंत्रण पत्र वितरित

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में अयोध्या से आए अक्षत एवं निमंत्रण पत्र का वितरण प्रभात फेरी द्वारा किया जा रहा है। रामेश्वर पांडेय ने बताया कि अयोध्या से आए अक्षत चावल एवं निमंत्रण पत्र को एक जनवरी को राम मंदिर महासमुंद से लाकर उसका वितरण गांव के सभी घरों में रामायण मंडली द्वारा भजन गाते हुए किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों से अपील की जा रही है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों मे दीपक जलाकर दीपावली जैसा उत्सव मनाएं।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

खबर संक्षेप



## आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की विधायक से मुलाकात

**महासमुंद।** आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा महासमुंद के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर (राजू) सिन्हा से भेंट मुलाकात कर पीला पगड़ी एवं गुलदस्ता भेंटकर जीत पर हर्ष जताया। साथ ही समाज के लंबित विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान एसपी ध्रुव, डमरूधर मांझी पार्षद, एमएल ध्रुव, मनराख़न ध्रुव, रामायण ध्रुव, बीएस नेताम, शंकर ठाकुर, एके ठाकुर, पीसी ध्रुव, मधेश्वर ध्रुव, हेमसिंह मरकाम, दुलार सिंह ध्रुव, संतु ध्रुव, बीआर ध्रुव, भुनेश्वर ध्रुव, दिगेश्वर ठाकुर, रवि मरकाम, रोहित कुमार ध्रुव, बलराम नेताम, जीवराख़न नेताम, देवेंद्र काले उपस्थित रहे।

## समर्पण की प्रतिमूर्ति माता राजिमः लिलेश

**महासमुंद।** प्रदेश संयोजक



सामाजिक विजन लिलेश साहू ने राजिम भक्तिन माता जयंती पर कहा कि धर्मनिष्ठा और कर्मठता की प्रतीक राजिम माता के नाम पर छत्तीसगढ़ की धार्मिक और ऐतिहासिक नगरी राजिम का नाम पड़ा है। छत्तीसगढ़ का राजिम अब केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि तीन नदियों के साथ विभिन्न संस्कृतियों, संप्रदायों का संगम स्थल बन गया है। उन्होंने कहा कि भक्तिन तेलिन माता का त्याग, तपस्या और सत्कर्म हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। वर्तमान राजिम प्राचीन काल में पद्मावतीपुरी के नाम से जाना जाता था। इसे कमल क्षेत्र भी कहा जाता था। साहू ने कहा कि साहू समाज एक प्रगतिशील समाज है,हम सबको राजिम भक्तिन माता एवं माता कर्मा के बताए संदेशों का अनुसरण करना होगा।

## महासमुंद विधायक का सम्मान आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद द्वारा स्थानीय पेंशन भवन में 7 जनवरी को दोपहर 2 बजे नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का स्वागत सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर जिन पेंशनरों का जन्मदिन है, उनका जन्मदिन भी मनाया जाएगा। साथ ही प्रांतीय निर्देश अनुसार शासन के नाम मांग पत्र ज्ञापन सौंपा जाएगा। पश्चात अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी बीआर देवांगन ने दी है।

## धीवर समाज का परिचय सम्मेलन आज

**महासमुंद।** छग धीवर (ढीमर) समाज महासभा रायपुर के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श विवाह का 7 जनवरी रविवार को समय प्रात 10 बजे से हाईस्कूल के पास बाजारपारा धमधा दुर्ग में आयोजित किया गया है। जिसमें संरक्षकगण परमेश्वर फुटान धमतरी, सेवक राम तारक अभनपुर, जगन्नाथ सरपार मढ़ी, मंगलू राम धीवर महासमुंद, रामकृष्ण धीवर रायपुर, लतखोर कोसरिया शामिल होंगे।

### प्रतियोगिता : कबड्डी के द्वितीय दिवस पर पहुंचे संस्कृति मंत्री

# खेल और खिलाड़ी का गहरा नाताः बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



अखिल भारतीय महिला व पुरूष प्रो कबड्डी के द्वितीय दिवस खेल-खिलाड़ी व खेल प्रेमियों के लिए अद्भुत रहा। देशभर से पहुंचे महिला व पुरुष टीम के साथ ही छत्तीसगढ़ के दिग्गज खिलाड़ियों के मध्य बहुत ही खेल दर्शक दीर्घा को रोमांचित किया। बड़ी संख्या में खेल प्रेमी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंच रहे हैं।

द्वितीय दिवस के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभात मलिक कलेक्टर महासमुंद, सृष्टि चंद्राकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा ने किया। जिला कलेक्टर प्रभात मलिक ने खेल और खिलाड़ी के महत्ता को प्रतिपादित किया। उन्होंने खेल को जीवन का अहम हिस्सा बताया। इससे तन-मन सबल होता है, खेल से जीवन में संघर्ष करने की शक्ति आती है। मनुष्य अनुशाषित जीवन जीता है। साथ ही आने वाले समय में खेल के लिए उचित कदम उठाने आश्वासन भी दिया, ताकि, विभिन्न क्षेत्र के खिलाड़ियों को सहूलियत हो सके। कार्यक्रम अध्यक्ष सृष्टि चंद्राकर ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की।

द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा, धर्मस्व, संस्कृति, पर्यटन विभाग मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रहे। अध्यक्षता सांसद चुन्नी लाल साहू, विशिष्ट अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा, परेश बागबाहरा, अल्का चंद्राकर, नरेश चंद्राकर, प्रेम साहू, प्रीतम साहू, पिलेश्वर पटेल, थानसिंह दीवान, तुला राम पनुरिया, बालकृष्ण चंद्राकर, प्रशांत टोनू अग्रवाल, अभिषेक चंद्राकर, राजेश बल्ला सोनी, राहुल अग्रवाल, संजय संजू अग्रवाल रहे। सर्वप्रथम मंत्री अग्रवाल का गाजे बाजे के साथ आतिशबाजी कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने कहा कि खेल और खिलाड़ी का गहरा नाता होता है, जिसमें खिलाड़ी जीवन संघर्ष, आत्मविश्वास, समर्पण सीखता है।

एक समय था जब कहा जाता था पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब। परंतु, अब भ्रांति टूटी और आज खिलाड़ी अपने हुनर से देश का नाम रोशन कर रहे हैं। समाज में अपने प्रतिभा से सम्मान पा रहे हैं, रोजगार पा रहे हैं। इसी तारतम्य में मंत्री द्वारा माता खल्लारी मेला आयोजन में प्रतिवर्ष 10 लाख राशि देने व उसे भव्यता प्रदान करने की घोषणा की। उपस्थित जनसमुदाय इस घोषणा के लिए उनका तालियों की गड़गड़ाहट से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नितिन जैन ने किया।

# सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम खुटेरी में हुआ। कार्यक्रम में मोनिका साहू मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के सरपंच घनश्याम धांधी ने की। विशिष्ट अतिथि दीर्घा में उपस्थित सुकलाल बरिहा, रघुनंदन पटेल, उमेश दीक्षित, मनोहर साहू, द्वारिका पटेल, अरुणकुमार देवता ने संकल्प अभियान के बिंदुओं पर प्रकाश डाले।

मुख्य अतिथि की आसंदी से मोनिका साहू ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत मातृत्व वंदना में पिंकी देवांगन, पोषण आहार योजना में नीलाद्री निषाद, रेडी टू इट में उमा कुमारी पटेल, आयुष्मान कार्ड योजना में राजकुमारी, विहान योजना में कला यादव प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में रितेश ध्रुव, व्यक्तिगत शौचालय योजना कृष्ण कुमार ध्रुव, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना कुमारी रात्रे तथा स्कूल शिक्षा योजना के बारे में कुमारी लता साहू, पंकज साहू ने अपने अनुभव और लाभ की जानकारी प्रदान की। साथ ही मुख्य अतिथि ने समस्त विभागीय स्टालों में जाकर प्राप्त आवेदन एवं उनके निराकरण के लिए अधिकारियों से चर्चा की। सभास्थल में उपस्थित शिशुओं का अन्नप्राशन भी कराया गया।

मोदी का संदेश संकल्प रथ के माध्यम से सुनाया गया। इस अवसर पर रथ स्वागत समिति के अध्यक्ष चंचल सिन्हा उपसरपंच ग्राम खुटेरी, पंचगण रतनू ध्रुव, रतनी निषाद, सचिव दीपिका यदु, ओम प्रकाश चौधरी, नाइला अली आदि ने स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम के नागरिकों के साथ-साथ पंच डॉक्टर संतु राम पटेल, नरेंद्र ध्रुव, कुमारी ठाकुर, हीराबाई सिन्हा, नेतराम सिन्हा, रूपवती साहू,कांति पटेल, सावित्री बरिहा, शुकलाल बरिहा, हंसराज निषाद, महेश ध्रुव, कृष्ण कुमार ध्रुव, प्रीतम बरिहा, पालूराम पटेल, रोहित पटेल, रघुनंदन पटेल, रामेश्वर ध्रुव आदि का योगदान सराहनीय रहा। सांस्कृतिक गतिविधियों का संयोजन शिक्षकगण पालेश्वर पटेल, अभिनंदन नाग, प्रभाकिरन ध्रुव, अनिता बरिहा, भूपेंद्र ठाकुर, नरसिंग पटेल, कन्हैयालाल पटेल व संचालन प्रधानपाठक डोलामणि साहू ने किया।

सम्मान...



**अरंड (पिथौरा)।** बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ एमंत माधुरी को उनकी रचनाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला मंच दिल्ली द्वारा उनके प्रकाशित पुस्तक भारत के आधुनिक कवित्रियां के लिए राष्ट्रीय लेखक अवार्ड एवं कल्पना चावला अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ एमंत माधुरी डिघेपुर के निवासी फाग सिंह ठाकुर की पुत्री है। अवार्ड से सम्मानित होने पर माता उमा देवी, भाई तुषार सिंह, साथी महेंद्र कुमार, रोहित कुमार, योगेंद्र घृतलहरे, उषा घृतलहरे, पुरुषोत्तम घृतलहरे, सियाराम कोशले आदि ने हर्ष जताया है।

# नैनो टेक्नोलॉजी विषय पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



शासकीय महाविद्यालय बसना में रसायनशास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं प्राणी शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 40 घंटे का मूल्यवर्धित कोर्स का आयोजन किया गया। जिसमें तीसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में डॉ शिल्पी श्रीवास्तव प्रोफेसर एंड हेड डिपार्टमेंट ऑफ़ केमिस्ट्री कलिंगा यूनिवर्सिटी उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा अर्चना के साथ की गई। पश्चात आरती साव ने मुख्य वक्ता के जीवन की जीवन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य डॉ एसके साव का उद्बोधन हुआ। जिसमें उन्होंने महाविद्यालय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। तत्पश्चात मुख्य वक्ता डॉ शिल्पी श्रीवास्तव का व्याख्यान हुआ, जिसका टॉपिक था नैनो टेक्नोलॉजी। उन्होंने नैनो टेक्नोलॉजी के इतिहास से लेकर वर्तमान तक होने वाले खोज पर प्रकाश डाला। किस प्रकार नैनो टेक्नोलॉजी का हमारे जीवन के हर क्षेत्र में उपयोग उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि इसका प्रयोग दवाई, कॉस्मेटिक, नैनो डिवाइस ,बायो इंजीनियरिंग एवं ऑप्टिकल इंजीनियरिंग में भी किया जा रहा है। व्याख्यान के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पूछा गया, जिसका जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया।

इस कार्यक्रम में गीतिका प्रधान, रोशनी गुप्ता, जगदीश मांझी एवं अन्य प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

# श्रीराम जन्म की खुशियों में दिखेगी अयोध्या की छवि

### प्रयास म्यूजिकल ग्रुप सुनाएगा भगवान राम के अवतार और जीवन की संगीतमय कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा ब्लाक के कुलिया

- द्वारिकाचरण गजेंद्र स्मृति रामकृष्ण भक्ति महोत्सव के श्रीमद्भागवत में 22 को ही रामावतार की कथा

(कोमाखान) गांव में 19 जनवरी से आयोजित हो रहे श्रीराम कृष्ण भक्ति महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। द्वारिकाचरण गजेंद्र की स्मृति में 22 जनवरी को मिल रहे सुखद संयोग से क्षेत्रवासी अभिभूत हैं। इस दिन महोत्सव के श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीराम के अवतार की कथा आएगी। 22 जनवरी को ही अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा है और पूरे देश में इसे पर्व के रूप में मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने के लिए ग्रामीणों ने तैयारियां की हैं। श्रीमद् भागवत कथा में प्रभु श्रीराम के अवतार की कथा सुनने के बाद श्रद्धालु खुशी से झूमेंगे-नाचेंगे, इसे उत्सवी रूप देने के लिए प्रयास म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

आयोजन को लेकर हुई बैठक पर जानकारी देते हुए महोत्सव के मुख्य यजमान डा नीरज गजेंद्र ने बताया कि भगवान राम के जन्म और उनकी जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण की खुशियां पूरे राष्ट्र को उत्साहित कर गईं हैं, इस ऐतिहासिक दिन विशेष को ही श्रीमद् भागवत कथा में भी श्रीराम का अवतार होने जा रहा है, शुक्रवार को हुई आयोजन समिति की बैठक में तय किया गया है कि इस दिन पूरे गांव की गलियों को गाय के गोबर से लिपाई कर शुद्ध किया जाएगा। घर-घर रंगोली सजाई जाएगी, दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। महोत्सव स्थल में भगवान राम की मौजूदगी का अहसास कराने के लिए रामकथा की संगीतमय प्रस्तुति होगी। रामजन्म की खुशियों में विशेष तरह के मीठे पकवान बनवाए जाएंगे। महोत्सव को यादगार बनाने के लिए जिम्मेदारियां तय की गई हैं, श्रीराम अवतार पर पुष्प वर्षा की जाएगी। माना जा रहा है कि समूचे अंचल में यह महोत्सव आकर्षण का केंद्र रहेगा। बैठक में तरुण गजेंद्र, लताऋषि चंद्राकर, सरपंच प्रेमशंकर सिन्हा, शिक्षक मीना चंद्राकर, उपसरपंच मुकेश सिन्हा, हेमचंद अग्रवाल, रोहित सिन्हा, सोमनाथ चंद्राकर, रमेश सिन्हा, केशव साहू, कमलनारायण सिन्हा, कार्तिक सिन्हा, घनश्याम यादव, गिरधारी सिन्हा और पुरुषोत्तम बघेल के साथ अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### महोत्सव में 26-27 को रामचरित्र मानस का भव्य आयोजन

कुलिया के बजरंग चौक स्थित अन्नपूर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजत हो रहे रामकृष्ण भक्ति महोत्सव के श्रीमद्भागवत कथा में प्रभु राम का अवतार होगा। इसके बाद 26-27 जनवरी को रामजन्म की खुशियों के उपलक्ष्य में रामचरित मानस गान का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन खिलावन साहू के संयोजन में प्रज्ञा मानस परिवार सोरिदखुर्द (जिला गरियाबंद), प्रेमचंद्र डड़सेना के संयोजन में विश्राम मानस परिवार झारा और चिंताराम सेन के संयोजन में राग रंग मानस परिवार खल्लारी (जिला महासमुंद) की प्रस्तुति होगी। द्वारिकाचरण गजेंद्र की पुण्यतिथि पर रामचरित्र मानस के दूसरे दिन यानी 27 जनवरी को फन्नू बैरागी के संयोजन में संचालित राम दास मानस परिवार बंदौरा (जिला कबीरधाम), डा संतोष साहू के संयोजन में रामसिया मानस परिवार कोटगांव और प्रेमलाल साहू द्वारा संयोजित मोर मयारू मानस परिवार गुदगुदा का संगीतमय रामायण पाठ होगा। मानस मच का संचालन गुंडरदेही (फिंगेश्वर) के प्राचार्य कुमानसिंह ध्रुव करेंगे।



## लांबा के महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर पार्टी होगी मजबूत

**महासमुंद।** कांग्रेस नेत्री अल्का लांबा को महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर महासमुंद जिला महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दुर्गा सागर ने कहा कि लांबा के नियुक्ति से देश में कांग्रेस और ज्यादा मजबूत होगी। साथ ही प्रतिनिधित्व के क्षेत्रों में महिलाओं को अद्भुत उर्जा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारे महासमुंद जिला महिला कांग्रेस की टीम ने पिछले समय संगठन का काम महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम के नेतृत्व में जिस ईमानदारी किया वहीं काम फिर पूरी ईमानदारी से जिला और प्रदेश में होगा, ताकि, महिलाओं को राष्ट्रीय स्तर में और ज्यादा सम्मान मिलेगा।

# आदित्येन स्कूल में क्रीड़ा उत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

आदित्येन इंग्लिश मीडियम स्कूल रोहिना में क्रीड़ा उत्सव का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लंबर के पूर्व सरपंच रनिया चौरसिया एवं अध्यक्षता पूर्व जिला सदस्य पुरुषोत्तम चौरसिया रहे। अतिथियों ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती चौरसिया ने कहा कि खेल जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जैसे जीवन को चलने के लिए सांस की जरूरत है, इस तरह मानव जीवन को चलाने के लिए खेल अति आवश्यक है। खेल खेलते रहने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग का वास होता है। पुरुषोत्तम चौरसिया ने कहा कि अगर भविष्य में हमें आगे बढ़ाना है तो खेल को ध्यान देना पड़ेगा, क्योंकि खेल से शरीर स्वस्थ रहेगा। स्कूल के संचालक आरएन आदित्य अधिवक्ता ने बच्चों को खेल के साथ-साथ व्यायाम करने की भी सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में हमको अगर अच्छे पद पर जाना है तो हमें व्यायाम और खेल को जिंदा रखना है। अंत में उक्त स्कूल के एचएम जानकी आदित्य ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी है। खेल के साथ-साथ व्यायाम अति आवश्यक है, जिससे कि शरीर स्वस्थ रहेगा तभी हम पढ़ाई अच्छे से कर सकते हैं। यदि पढ़ाई अच्छे से करेंगे तो निश्चित रूप से हम आगे भविष्य में अच्छे पद पर पदस्थ होंगे, जिससे हम अपने माता-पिता का नाम रोशन कर अपने देश का भी नाम ऊंचा कर सकेंगे।

# केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



केंद्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना दिवस पर केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के राज्य स्तरीय खेल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों द्वारा मशाल जलाकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यम देवांगन (आईईएस चयनित) भूतपूर्व विद्यार्थी केंद्रीय विद्यालय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य सुरेश कुमार सिंह ने की।

सर्वप्रथम सदन वार पंक्तिबद्ध मार्चपास्ट किया गया। प्राइमरी के बच्चों द्वारा आकर्षक संगीत के साथ पीटी प्रस्तुत किया गया। बालवाटिका के बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सोहनलाल साहू और राजेश चंद्राकर के निर्देशन में सदनवार विद्यालय में वार्षिक खेलकूद के अंतर्गत जो प्रतियोगिता हुई थी उनको पुरस्कृत किया गया। इसमें 400 मीटर दौड़ में प्रथम अर्पित चंद्राकर सातवी ब, द्वितीय नमन साहू आठवी ब, तृतीय हर्षवर्धन साहू आठवी अ, 400 मीटर वरिष्ठ वर्ग में लक्ष्मीकांत साहू नवमी ब प्रथम, खिमेंद्र साहू 11वी ब द्वितीय, लंबीकूद कनिष्ठ वर्ग प्रथम रुद्रदेव नेताम 8वी ब, द्वितीय समीर कुर्रे 8वी ब, तृतीय अर्णव तिवारी 8वी ब, लंबी कूद वरिष्ठ वर्ग में प्रथम लक्ष्मीकांत ध्रुव 11वी अ, द्वितीय एच कार्तिकेयन पिल्लई 9वी ब, तृतीय गोविंद सेन 9वी अ, लंबी कूद लड़की कनिष्ठ वर्ग प्रथम प्रकृति साहू 8वी अ, द्वितीय दीक्षा दीवान 8 वी अ, तृतीय आदिति ध्रुव 8 वी अ, लंबी कूद वरिष्ठ प्रथम मोनिका साहू 11वी ब, द्वितीय अवंतिका साहू 11वी अ, तृतीय हर्षिता साहू 9वी ब, शॉट पुट कनिष्ठ वर्ग बालिका प्रथम वैभवी 8 वी ब, द्वितीय एगरिमा रात्रे 8 वी अ, तृतीय अदिति ध्रुव 8 वी अ, शॉट पुट बालक वरिष्ठ वर्ग प्रथम दीक्षांत पटेल 11वी अ, द्वितीय दीपेश दीवान 11 वी अ, तृतीय खिमेंद्र साहू 11 वी अ, कनिष्ठ वर्ग प्रथम मो अख्तर 7 वी अ, द्वितीय रुद्रदेव नेताम 8 वी ब, तृतीय समीर कुर्रे 8वी ब, सभी खेलों में अशोका सदन प्रथम स्थान, टैगोर सदन द्वितीय स्थान, रमन सदन तीसरे स्थान और शिवाजी सदन चौथे स्थान पर रहे। विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही राज्यस्तरीय खेलकूद में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आभार प्रदर्शन खेल शिक्षक सोहनलाल साहू ने किया।




